**आकाशवाणी शिमला**

**01.11.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे**

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सभी के प्रयासों से देश विज्ञान और नवाचार के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व को फिर से परिभाषित कर रहा है और एक आत्मविश्वास से परिपूर्ण आत्मनिर्भर भारत अब दुनिया को प्रेरित कर रहा है। इस क्षेत्र में पिछले कुछ वर्षों में हुई प्रगति को लेकर एक अंग्रेजी दैनिक में प्रकाशित केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह के एक लेख को साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारत डिजिटल इंडिया से लेकर डीप टेक, चंद्रयान से लेकर जैव–अर्थव्यवस्था और अन्य क्षेत्रों में नए आयाम स्थापित कर रहा है।

**वर्ल्ड रिकॉर्ड**

भारत ने स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत तीन गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम किए हैं। इस पहल ने एक ही महीने में स्वास्थ्य सेवा प्लेटफ़ॉर्म पर सबसे अधिक 3 करोड़ 21 लाख लोगों के पंजीकरण सहित कई रिकार्ड बनाए हैं। इसने एक सप्ताह में ऑनलाइन स्तन कैंसर की जाँच के लिए सबसे अधिक लोगों के पंजीकरण का रिकॉर्ड भी बनाया है।

**जीएस.टी**

जीएसटी बचत उत्सव से देशभर के लोगों को लाभ हो रहा है। नरेन्द्र मोदी सरकार ने 22 सितंबर को कई क्षेत्रों में जीएसटी दरों में सुधार के साथ इस उत्सव की शुरुआत की थी। इन सुधारों से इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र में लोगों को काफी लाभ पहुंचा है।

*नई जीएसटी सुधारो ने कर के बोझ को काम करके और प्रमुख उपकरणों को अधिक किफायती बनाकर इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र को बड़ी राहत प्रदान की है। अब टेलीविजन, मॉनिटर और प्रोजेक्टर पर 28: की बजाय 18: जीएसटी लगेगा, जिससे घरों, स्कूलों और कार्यालय की लागत कम हो जाएगी। इसी प्रकार एयर कंडीशनर और डिशवॉशर पर कर की दर 28: से घटकर 18: कर दी गई है, जिससे घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स अधिक नागरिकों के लिए सुलभ हो गए हैं। वहीं सौर पैनल और कंपोस्टिंग मशीन जैसे नवीकरणीय ऊर्जा उपकरण जिन पर पहले 12: जीएसटी लगता था अब 5: कर स्लैब में आ गए हैं। जिससे हरित विकास और स्थिरता को बढ़ावा मिल रहा है। आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए नई दिल्ली के एक इलेक्ट्रॉनिक डीलर पंकज पांडे ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं पर जीएसटी में कमी से बिक्री में वृद्धि हुई है और अब उपभोक्ता इन वस्तुओं पर 3 से 4 हजार तक की बचत कर रहे हैं।*

**रेणुका**

भगवान परशुराम जी की भव्य शोभायात्रा के साथ कल से 6 दिवसीय अंतर्राष्टीय रेणुका जी मेला शुरू हो गया। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने भगवान परशुराम जी की पालकी को कंधा देकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। मुख्य बाजार से होते हुए शोभायात्रा त्रिवेगी संगम पहुंची जहां माता रेणुका और बेटे परशुराम के भव्य मिलन के हजारो लोग साक्षी बने। इस दौरान माता रेणुका जी और भगवान परशुराम के उदघोषों से सारा वातावरण गूंज उठा।

**यूआईडीएआई**

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण–यूआईडीएआई ने ए.आई. ब्लॉकचेन और क्वांटम कंप्यूटिंग के माध्यम से भविष्य में सुरक्षित डिजिटल पहचान को मज़बूत करने के लिए आधार दृदृष्टिकोण–2032 की रूपरेखा जारी की। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कहा है कि यह रूपरेखा भारत की डिजिटल पहचान व्यवस्था को दुबारा परिभाषित करने और अगले दशक के लिए अगली पीढ़ी के डिजिटल शासन को गति देने के लिए व्यापक कार्ययोजना प्रदान करेगी।

**महोत्सव**

राज्यस्तरीय किन्नौर महोत्सव की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। संध्या में स्थानीय कलाकारों के अलावा राष्ट्रीय जनजातीय उत्सव के तहत बिहार व उत्तराखंड राज्यों के कलाकारों ने थारो होली नृत्य, व प्रदेश के चंबा के पांगी–भरमौर, किन्नौर के लिप्पा गांव और स्पीति–काजा के आए कलाकारों ने अपनी–अपनी जनजातीय प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया।

**प्रतियोगिता**

चंबा जिला के ऐतिहासिक चौगान मैदान में चल रही 3 दिवसीय 40वीं राज्य स्तरीय अंडर–14 खेलकूद प्रतियोगिता का आज समापन होगा। इस प्रतियोगिता में खो–खो, कब्बडी सहित विभिन्न स्पर्धायें शामिल हैं जिसमें लगभग 6 सौ खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। आकाशवाणी से हमारे संवाददाता को प्रतिभागियों ने बताया कि वे प्रतियोगिता में भाग लेकर काफी उत्साहित हैं और वे अच्छा प्रदर्शन करेंगे ताकि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता मे उनका चयन हो सके।

**हम यहां चंबा से आए है स्टेट का मैच खेलने के लिए। हम यहां पार्टीसिपेट कर रहे हैं खो–खो में। हमारा अगला मैच है खो–खो का किन्नौर के साथ और हम जीतेंगे और पूरे सिरमौर का नाम रौशन करेंगे।**

**आग**

चम्बा के सुल्तानपुर में पीजी कॉलेज के समीप एक किराना स्टोर में कल रात आग लगने से लाखों की सम्पत्ति के नुकसान का अनुमान है। अग्निशमन विभाग ने देर रात आग पर काबू पा लिया लेकिन तब तक दुकान का सारा सामान जल गया था। इस घटना में कोई जानी नुकसान का कोई समाचार नहीं है।

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम आमतौर पर साफ है। वहीं सुबह व शाम राज्य के तापमान में गिरावट लगातार जारी है। इस बीच मौसम विभाग ने आगामी 3 नंवबर से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना जताई है।